प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

29 दिसंबर 2023

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – दिसंबर 2023

दिसंबर 2023 माह के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों के संबंध में प्राप्त आंकड़े सारणी 1 से 7 में दर्शाए गए हैं।

मुख्य बातें:

ऋण की दरें:

- एससीबी की रुपये में नए ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) नवंबर 2023 में 9.34 प्रतिशत (अक्तूबर 2023 में 9.50 प्रतिशत) थी।
- एससीबी का रुपये में बकाया ऋणों पर डब्लूएएलआर नवंबर 2023 में 9.80 प्रतिशत (अक्तूबर 2023 में 9.84 प्रतिशत) था।[1]
- एससीबी की एक साल की औसत निधि की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) दिसंबर 2023 में 8.75 प्रतिशत हो गई, जबकि नवंबर 2023 में यह 8.70 प्रतिशत थी।
- एससीबी के रुपये में कुल बकाया अस्थिर दर ऋणों में बाह्य बेंचमार्क आधारित ऋण दर (ईबीएलआर) संबद्ध ऋणों का हिस्सा सितंबर 2023 के अंत में 53.3 प्रतिशत था, जबकि एमसीएलआर संबद्ध ऋणों का हिस्सा 41.9 प्रतिशत था।[1]

जमा की दरें:

[1] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।

- एससीबी की रुपये में नई मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) नवंबर 2023 में 6.34 प्रतिशत हो गई, जबकि अक्तूबर 2023 में यह 6.31 प्रतिशत थी।
- एससीबी की रुपये में बकाया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) नवंबर 2023 में 6.78 प्रतिशत (अक्तूबर 2023 में 6.75 प्रतिशत) थी।[1]

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1576